
# खास-खबरें

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण नहीं होने पर वेतन कटौती की दी चेतावनी



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों तथा जिले में संचालित विभिन्न विशेष अभियानों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि एल-1 स्तर पर लंबित एवं नॉन-अटेंडेंट शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इसके बाद भी शिकायतें नॉन-अटेंडेंट श्रेणी में पाई जाती हैं तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन कटौती सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर डीएसओ को निलंबन नोटिस, तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, देवासः** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर उन्होंने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान 500 से अधिक शिकायतें लंबित मिलने पर कलेक्टर ने गंभीर नाराजगी जताई। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार को तीन दिन के भीतर सभी लंबित शिकायतों का विश्लेषण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही शिकायतों के निराकरण में गंभीर लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध निलंबन संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि गुड गवर्नेंस का अर्थ नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान है। उन्होंने अधिकारियों से लंबित मामलों के निराकरण के लिए मुख्यालय स्तर पर समन्वय एवं नियमित फॉलोअप करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल पोर्टल पर शिकायत बंद करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका वास्तविक निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में नगर परिषदों में अतिक्रमण संबंधी लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाने, सीएमओ की बैठक में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा 50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग को नामांतरण संबंधी शिकायतों का भी त्वरित निराकरण करने को कहा गया।

## उज्जैन के इस्कॉन मंदिर में जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी का स्नान पूर्णिमा महोत्सव मनाया



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल-गंगा संवर्द्धन अभियान के समापन उत्सव पर सोमवार को इस्कान मंदिर, उज्जैन में आयोजन हुआ। इस्कान के पीआरओ डॉ.राघव दास पण्डित ने बताया कि कार्यक्रम मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग, श्री कृष्ण पाथेय न्यास, वीर भारत न्यास, महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ और इस्कॉन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक पवित्र नदियों और सरोवरों के जल से किया गया। इसके लिए सप्त सरोवर, कोटितीर्थ, क्षिप्रा, गंगा, नर्मदा और गोमती कुंड सहित विभिन्न स्थानों से जल एकत्रित किया गया। महोत्सव की शुरुआत सोमवार प्रातः 7.30 बजे पांडु विजय कीर्तन से हुई।

## एक क्लिक की गलती पड़ सकती है भारी, अस्पताल में पुलिस ने किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए थाना भैरूंदा पुलिस ने सोमवार को शासकीय सिविल अस्पताल में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें डॉक्टरों, अस्पताल कर्मियों और मरीजों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए गए।

थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लोन ऐप, यूपीआई फ्रॉड, फेक जॉब ऑफर और संदिग्ध लिंक के जरिए साइबर अपराधी लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंकिंग जानकारी और पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें तथा सोशल मीडिया खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य सक्रिय रखें। पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए गए। इसमें थाना स्टाफ, अस्पताल के डॉक्टर, कर्मचारी और करीब 40 लोगों ने भाग लिया।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से हजारों परिवार हुए आत्मनिर्भर, सीहोर में मनाया स्वनिधि महोत्सव

### 25 हितग्राहियों का सम्मान, ओर कुछ लोगों को डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने बारकोड एवं स्पीकर वितरित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** नगर पालिका परिषद सीहोर के सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योजना के उत्कृष्ट हितग्राहियों का सम्मान करते हुए उन्हें सम्मान पत्र एवं कुछ लोगों को डिजिटल भुगतान प्रणाली से जोड़ने के उद्देश्य से बारकोड एवं साउंड बॉक्स (स्पीकर) वितरित किए गए। इस दौरान 25 हितग्राहियों को सम्मानित कर उनके सफल व्यवसाय और समय पर ऋण चुकाने की उपलब्धि के लिए प्रोत्साहित किया गया।



कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से अब तक नगर पालिका परिषद सीहोर क्षेत्र के 5 हजार से अधिक रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों एवं छोटे व्यापारियों को योजना का लाभ दिलाया जा चुका है। योजना के अंतर्गत पहले चरण में 10 हजार, दूसरे चरण में 20 हजार तथा समय पर ऋण चुकाने वाले हितग्राहियों को तीसरे चरण में 50 हजार तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इससे हजारों छोटे व्यवसायियों का कारोबार बढ़ा है और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

महोत्सव में उन हितग्राहियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने योजना के तीनों चरणों का सफलतापूर्वक लाभ प्राप्त किया। इनमें बबीता लोधी (इंदिरा नगर) को यूनियन बैंक के माध्यम से 50 हजार तथा ओमप्रकाश सेन (मंडी क्षेत्र) को भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से 50 हजार का ऋण मिलने पर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य हितग्राहियों को भी डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि उनका व्यवसाय आधुनिक तकनीक से जुड़ सके और नकद लेन-देन पर निर्भरता कम हो।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीब, मध्यम वर्ग, रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों एवं महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आज छोटे व्यापारियों के लिए वरदान साबित हुई है। पहले जो लोग सीमित संसाधनों के कारण अपना व्यवसाय बढ़ाने में असमर्थ थे, आज वही व्यापारी इस योजना के माध्यम से अपने कारोबार का विस्तार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल ऋण उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें सम्मानपूर्वक रोजगार से जोड़ना और डिजिटल इंडिया अभियान के तहत डिजिटल लेन-देन के लिए भी प्रोत्साहित करना है। समय पर ऋण चुकाने वाले हितग्राहियों को लगातार अधिक राशि का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें। उन्होंने हितग्राहियों से आह्वान किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें तथा डिजिटल भुगतान को अपनाकर अपने व्यापार को और सशक्त बनाएं।

कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह, नितिन तिवारी पीओ डूडा, जागृति चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन संस्था, पार्षद राजेश माझी, राहुल राय, मांगीलाल मालवीय, कमलेश राठौर सहित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राही, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## ट्रॉली विवाद में दो पक्षों में मारपीट महिला समेत आठ घायल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** तहसील के लाड़कुई चौकी अंतर्गत ग्राम सुआपानी में रविवार देर रात ट्रॉली के लेनदेन और पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक हो गया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में महिला और युवती सहित आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार सिविल अस्पताल भैरूंदा में चल रहा है।

सूचना मिलते ही लाड़कुई चौकी प्रभारी राजेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और विवाद शुरू करने के आरोप लगाए हैं। एक पक्ष का कहना है कि ट्रॉली के किराए और पुरानी रंजिश को लेकर हमला किया गया, जबकि दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि ट्रॉली के लेनदेन को लेकर विवाद के दौरान उनके घर पहुंचकर मारपीट की गई।

एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि ट्रॉली के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था, जो मारपीट में बदल गया। घटना में आठ लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

## 1 जुलाई को होगा 'दादा ईश्वरदास रोहाणी स्मृति गौरव शिखर सम्मान' का आयोजन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः** समाजसेवी एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति में 'दादा ईश्वरदास रोहाणी स्मृति गौरव शिखर सम्मान-2026' का आयोजन 1 जुलाई को मानस भवन, राइट टाउन, जबलपुर में किया जाएगा। आयोजन समिति ने सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी दी। आयोजन समिति के अनुसार समारोह दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में शिक्षा, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, संस्कृति एवं कुटुंब प्रबोधन, युवा प्रेरणा, सनातन जनजागरण, उद्योग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पत्रकारिता, सेवानिवृत्त सेवा तथा विधि एवं न्याय सहित 12 क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल हरविंदर सिंह बंद्रा करेंगे। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

आयोजन समिति ने बताया कि दादा ईश्वरदास रोहाणी ने अपने जीवनकाल में समाज सेवा, स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनकी स्मृति में आयोजित यह सम्मान समारोह समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित कर सेवा एवं सकारात्मक मूल्यों को प्रोत्साहित करने का प्रयास है।

पत्रकार वार्ता में विधायक अशोक रोहाणी सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समिति ने नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की।

## 1 से 5 जुलाई तक होगा 151वां श्री मारुति महायज्ञ



**जबलपुर।** सनातन संस्कृति एवं वैदिक परंपरा के संरक्षण के उद्देश्य से जबलपुर में 1 से 5 जुलाई तक 151वें श्री मारुति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ सम्राट पीठाधीश्वर परम पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास जी महाराज (काशी) के सान्निध्य में आयोजित यह महायज्ञ संत शिरोमणि योगीराज देवरहा बाबा की पावन स्मृति को समर्पित रहेगा।

महायज्ञ का शुभारंभ 1 जुलाई को सुबह 9 बजे श्री राम भवन, उखरी रोड, बलदेवबाग से निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन वेद पारायण, पूजन, हवन एवं श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की व्यवस्था रहेगी। 5 जुलाई को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा। कार्यक्रम में देशभर से संत-महात्माओं एवं हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# नशा मुक्ति अभियानः 150 युवाओं ने जनजागरण का लिया संकल्प




**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अजंता ललित कला समाज कल्याण समिति तथा परिवर्तन नशा मुक्ति केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल प्राइवेट आईटीआई में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने तथा समाज में जनजागरण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नशा मुक्त भारत अभियान के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं मुख्य वक्ता वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में नशे जैसी सामाजिक बुराई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' जैसे जनआंदोलन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यार्थी सामूहिक रूप से आगे आकर इस अभियान को सफल बनाएंगे और समाज में जागरूकता का वातावरण तैयार करेंगे। उन्होंने बताया कि नशे पर नियंत्रण के लिए जनजागृति सबसे प्रभावी माध्यम है।

युवाओं को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा विकसित पर्सनल डैशबोर्ड की जानकारी भी दी गई, जिसके माध्यम से नशा मुक्ति मित्र अपने योगदान को ट्रैक कर सकते हैं तथा जागरूकता एवं आउटरीच गतिविधियों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित कर सकते हैं।

मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध जिले भर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।जिनसे विद्यार्थियों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति समझ और चेतना विकसित हुई है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा नशे की तस्करी और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए कठोर कानून बनाए गए हैं, किंतु जागरूकता के अभाव में युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ रहा है। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर मानसिक एवं सामाजिक समस्या है, जिसका समय रहते उपचार और परामर्श के माध्यम से प्रभावी नियंत्रण संभव है।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने ग्राम गुर्जरबर्डिया में 333 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सोमवार को मंदसौर जिले के गुर्जरबर्डिया स्थित सांदीपनि विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगभग 295 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीण नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। कार्यक्रम में जिला योजना समिति सदस्य श्री राजेश दीक्षित, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाली एवं स्वच्छता विषय पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दीं।



उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने विद्यालय को आईएसओ 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया तथा विद्यालय में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय में डोम का निर्माण कराया जाएगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में जो भी आवश्यक सुविधाएं होंगी, उन्हें प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपमुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## गंगाश्री प्ले स्कूल की नई शाखा का शुभारंभ

**गंजबासौदा।** चांदसी अस्पताल के समीप भारत बाल विद्या मंदिर भवन में सोमवार को गंगाश्री प्ले स्कूल की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल संचालिका एवं प्रबंधक प्रीति सैनित भावसार, सुरेशचंद भावसार एवं सैनित भावसार ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालिका प्रीति सैनित भावसार ने कहा कि प्ले स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी है। यहां बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के साथ भारतीय संस्कृति, संस्कार और शिष्टाचार का भी ज्ञान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करने और उन्हें विद्यालयीन वातावरण के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नई शाखा के शुभारंभ पर स्कूल परिवार को शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की।

## फॉल्ट सुधारते समय बिजलीकर्मी को लगा करंट, 12 फीट ऊंचे खंभे से गिरा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** शहर के भागवत नगर क्षेत्र में सोमवार को बिजली लाइन सुधारने के दौरान एक बिजली कर्मचारी हादसे का शिकार हो गया। फॉल्ट ठीक करते समय करंट लगने से कर्मचारी खंभे से नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर और हाथ में चोटें आई हैं। घायल कर्मचारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, भागवत नगर क्षेत्र में बिजली बंद होने की शिकायत मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी दीपक मालवीय अपने साथियों शंकरलाल और पीयूष माली के साथ मौके पर पहुंचे थे। फॉल्ट सुधारने के लिए दीपक करीब 12 फीट ऊंचे बिजली के खंभे पर चढ़े हुए थे। इसी दौरान एक तार के संपर्क में आने से उन्हें करंट लग गया। हादसे में दीपक के सिर और हाथ में चोटें आईं।

घटना के समय मौजूद सहकर्मियों ने तुरंत उन्हें संभाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। सहकर्मी शंकरलाल ने बताया कि एक तरफ के तार में करंट प्रवाहित था, जिसकी चपेट में आने से दीपक हादसे का शिकार हुए। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिजली विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपक बांदिल भी जिला अस्पताल पहुंचे और घायल कर्मचारी का हाल जाना। उन्होंने बताया कि कर्मचारी फ्यूज कॉल अटेंड करने के दौरान हादसे का शिकार हुआ। उन्होंने बताया कि मौके पर अन्य कर्मचारी मौजूद थे और सुरक्षा उपकरणों का उपयोग किया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तार के संपर्क में आने से करंट लगा और संतुलन बिगड़ने के कारण कर्मचारी नीचे गिर गया। मामले की विभागीय जांच की जा रही है।

# पहली बारिश में क्षतिग्रस्त हुई 146बी सड़क कांग्रेस ने उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** बुधनी विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन 146बी सड़क पहली बारिश के बाद कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने के मामले को लेकर कांग्रेस ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की है।



विक्रम मस्ताल शर्मा ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये की लागत से बन रही सड़क पहली ही बारिश नहीं झेल सकी, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। उनका दावा है कि सड़क निर्माण एजेंसी क्षतिग्रस्त हिस्सों की जल्दबाजी में मरम्मत कर रही है, जिससे गुणवत्ता संबंधी संदेह और गहरा गया है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि समय पर प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं होने से निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा सीहोर कलेक्टर से स्वतंत्र तकनीकी जांच, गुणवत्ता परीक्षण, दोषी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई तथा क्षतिग्रस्त हिस्सों के पुनर्निर्माण की मांग की है। हालांकि, सड़क निर्माण एजेंसी अथवा संबंधित विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## जिला अस्पताल में दो महिलाओं के बीच मारपीट

**सीहोर।** जिला अस्पताल परिसर में दो महिलाओं के बीच मारपीट हुई है। दोनों महिलाओं ने एक-दूसरे के बाल पकड़े और डंडे से हमला किया। घटना के दौरान अस्पताल का कोई भी सुरक्षाकर्मी या स्टॉफ वहां मौजूद नहीं था। अब इस पूरी मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।

वीडियो अस्पताल के मुख्य हिस्से का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक महिला ने नीचे गिरी दूसरी महिला पर लाठी से कई वार किए। इस दौरान वहां मौजूद लोग और राहगीर घटना का वीडियो बनाते रहे। किसी ने भी बीच-बचाव कर उन्हें रोकने की कोशिश नहीं की। जिला अस्पताल में मरीजों और परिजनों की सुरक्षा के लिए गार्ड्स की तैनाती की गई है।

# गणेशपुर में महिलाओं ने सीखे आत्मनिर्भरता के गुर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगारी बनाने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। संस्थान द्वारा विकासखंड कालापीपल के ग्राम गणेशपुर में आयोजित 10 दिवसीय निःशुल्क अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। बीओआई-आरसेटी परिसर में आयोजित समापन कार्यक्रम में प्रशिक्षण ले चुकीं महिलाओं के चेहरे पर आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास साफ नजर आ रहा था। यह गैर-आवासीय प्रशिक्षण शिविर बीते 18 जून से 29 जून तक आयोजित किया गया था, जिसमें ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को घर पर ही रहकर अगरबत्ती बनाने के बारीक हुनर सिखाए गए।



**स्वरोजगार से बदलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्थाः** समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बैंक ऑफ इंडिया के जिला अग्रणी प्रबंधक शैलेन्द्र सुमन ने प्रशिक्षणार्थियों की हौसलाअफजाई की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं में हुनर की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है। इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाएं न सिर्फ अपने पैरों पर खड़ी होंगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस मौके पर मध्य प्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर के जिला प्रबंधक मनोज जोशी और जिला प्रबंधक राजेश पांडे ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को आजीविका मिशन के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता, बैंक लिंकेज और तैयार उत्पादों के लिए बाजार व्यवस्था की जानकारी दी, ताकि उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने में कोई परेशानी न आए।

**मूल्यांकन कर परखे गए गुरः** समापन से पूर्व प्रशिक्षण की गुणवत्ता को जांचने के लिए मूल्यांकन (असेसमेंट) प्रक्रिया भी अपनाई गई। इसमें ईडीपी एसेसर प्रेमनारायण उपाध्याय और डोमेन एसेसर निशा माथुर ने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सीखे गए हुनर का मूल्यांकन किया और उन्हें व्यवसाय को पेशेवर तरीके से चलाने के टिप्स दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसेटी निदेशक सत्यवीर सिंह चौहान ने की। इस अवसर पर संस्थान के स्टाफ सदस्य जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, सुमित खत्री, तन्वी सोनी, महेश कुमार मालवीय सहित सभी प्रशिक्षणार्थी महिलाएं उपस्थित थीं।